jects taken up during the various plan periods, the irrigated area increased to 17.6 lakh hectares *i.e.* it has nearly doubled at the end of the Fourth Plan—which is about 9 per cent of the total cropped area in the State. The Fifth Plan envisages irrigating additional area of 7.65 lakh hectares increasing the total area under irrigation of 25.35 lakh hectares *i.e.* trebling the area under irrigation in the pre-Plan period.

At the commencement of the Plan, the total irrigated area in the country was 22.6 million hectares which is expected to increase to about 54 million hectares by the end of the Fifth Plan which is less than 2½ times of the pre-Plan area.

The ultimate irrigation potential of Maharashtra through major, medium and minor irrigation schemes has been assessed at 64 lakh hectares which is about 33 per cent of the cropped area. The State Government has been given high priority to irrigation development.

### दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक एलाट से वसूल किया गया बीमा शुल्क

2482. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण ने चारों सी० पी० एस० कालोनियों अर्थात् झिलमिल (विवेक बिहार), सफदरजंग, ग्रेटर कैलास और पंखा रोड में फ्लैटों के आवंटन के समय प्रत्येक एलाटी से बीमा शुल्क वसूल किया था ;

(ख) क्या झिलमिल कालोनी के कुछ क्वाटरों की छतें टूट गई हैं और उनमें दरारें पड गई है किन्तु दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में कोई व्यवस्था नहीं की गई ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है और यदि कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है तो इसके क्या कारण हैं ?

**इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक) :** (क) जी, हां ।

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) फ्लैट जैसे हैं जहां हैं के आधार पर प्रस्तुत किये गये थे तथा आबंटित किये गये थे । अनुरक्षण का उत्तरदायित्व संबंधित अलाटियों पर है ।

### मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी को अनुदान

2483. **श्री छविराम अर्गल :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में, वर्षवार मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी को कितना अनुदान दिया गया ;

(ख) इस अकादमी ने वर्ष वार कितनी और कितने मूल्य की पुस्तकें प्रकाशित की ;

(ग) पुस्तकों के लेखन और प्रकाशन पर कितने प्रतिशत कुल अनुदान खर्च हुआ और प्रशासनिक कार्यों पर कितने प्रतिशत अनुदान खर्च हुआ ; और

(घ) यदि प्रशासनिक व्यय की प्रतिशतता अधिक है तो इसे रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्दर) :** (क) से (ग) : विवरण संलग्न है ।